हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, बुधवार 24 जून 2026


तापमान

अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 25 .8 डिग्री


13 बच्चों के संरक्षण, पुनर्वास और संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई करें अधिकारीः डीसी





14 भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना का पहला आगमन स्वागत के लिए टीम 'वंदना' ने झोंकी पूरी ताकत




## खबर संक्षेप

### दहेज हत्या का आरोपी पति भेजा जेल

**रेवाड़ी।** पीथड़ावास में विवाहिता की मौत के बाद दर्ज किए गए दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को कोर्ट में पेश कर दिया। पुलिस ने प्रीती की मौत के बाद उसके पिता के बयान पर 22 जून को पति सहित कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। प्रीती का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला था। आरोपी पति दीपक को पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार कर लिया था। उसे मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस इस मामले के अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

### हादसे के बाद फरार दो चालक काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस सड़क हादसों के बाद मौके से फरार हुए दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। खोल थाना पुलिस ने जैसलमेर नेशनल हाइवे पर हादसे के बाद 20 अप्रैल को आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में फरीदाबाद के बिजापुर निवासी जुबेर को गिरफ्तार कर लिया। उसका वाहन भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 18 जून को हुए हादसे में आरोपी चालक नंदरामपुर बास निवासी विकास को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### चोरी का आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने चोरी के मामले में कोर्ट से एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात के बाद गत 10 मार्च को केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने यूपी के हुसैनपुर निवासी नदीम को इस मामले में पूछताछ के लिए कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपी अन्य मामले में जेल में बंद चला आ रहा है। पुलिस उससे चोरी की वारदात के बारे में पूछताछ कर रही है। पूछताछ के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। उसके खिलाफ चोरी के कई केस दर्ज हैं।

### मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस मामड़िया अहीर में मारपीट करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर 17 जून को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने उसके साथ मारपीट करने के आरोप लगाए थे। केस दर्ज करने के बाद जांच करते हुए पुलिस ने एक आरोपी गजेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में शामिल उसका ट्रैक्टर भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### हथियार मुहैया कराने का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** सीआईए ने अवैध हथियार मुहैया कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 20 जून को एक आरोपी अवैध शराब के साथ पकड़ा था। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पूछताछ के दौरान उसने बताया था कि उसे हथियार रामपुरा निवासी सुनील ने मुहैया कराया था। सीआईए ने पूछताछ के बाद सुनील को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### सोनल ने योग दिवस दौड़ में पाया द्वितीय स्थान

**कोसली।** कोसली गांव की छात्रा सोनल यादव ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित 15 किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर परिवार एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। सोनल दिल्ली स्थित गार्गी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है।

2024-25 के स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर के 232 पायदान फिसलकर 490 मिली थी रैंक, ओडीएफ स्टेटस में भी शहर को मिली थी शिकस्त

# केंद्र से पहुंची टीम का शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण पूरा रिजल्ट आने पर उजागर होगी सफाई की हकीकत

अब टीम बावल व धारूहेड़ा में सफाई व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अलग खबर

केंद्र सरकार की ओर से स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर पहुंची छह सदस्यीय निरीक्षण टीम का मंगलवार को शहर में सर्वेक्षण पूरा हो गया है। अब टीम बावल व धारूहेड़ा में सफाई व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेगी। टीम की ओर से चार दिन से शहर की सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक सुविधाओं और नागरिक संतुष्टि का मूल्यांकन किया गया। छह सदस्यों की टीम विभाजित होकर शहर के वार्डों व बाजार सहित विभिन्न स्थानों का दौरा कर जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं की जांच की। इसके अलावा नागरिकों से सफाई व्यवस्था, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व कचरा उठान को लेकर फीडबैक भी लिया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण टीम के आने के बाद नगर परिषद सफाई शाखा अधिकारियों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। टीम ने शहर में सफाई व्यवस्था, कूड़ा संग्रहण, कचरा निस्तारण, सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति, स्वच्छता संबंधी जागरूकता और नगर निकाय की ओर से किए गए कार्यों का आकलन भी किया। इसके अलावा बाजार, रिहायशी क्षेत्रों, बस स्टैंड, पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थलों का भी निरीक्षण किया।



रेवाड़ी। सरकुलर रोड पर बह रहा नाले का गंदा पानी। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। नेहरू पार्क के पास सार्वजनिक शौचालय की दयनीय हालत।



रेवाड़ी। नाईवाली चौक के पास गंदगी से भरा नाला व जमा कचरा। फोटो : हरिभूमि

## इस बार भी शहर की स्थिति ज्यादा ठीक नहीं

शहरी एवं आवास मंत्रालय की ओर से जारी किए गए स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के रिजल्ट में जिले को ओडीएफ स्टेटस और नेशनल रैंकिंग में जोरदार झटका लगा था। शहर की खराब सफाई व्यवस्था से स्वच्छता सर्वेक्षण-2024-25 में ओडीएफ मिला था तथा स्वच्छता सर्वेक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर पर रैंकिंग 232 पायदान गिरकर 490 पायदान पर आ गई थी। वहीं स्टेट में जिले का 57वां नंबर आया था। स्वच्छता रैंकिंग में जिले के पिछड़ने का कारण नगर परिषद के सफाई के उचित प्रबंधन का अभाव, लोगों में जागरूकता की कमी और शहर में डस्टबिन हटने से अनावश्यक कचरा प्वाइंट का बनना था। इसके अलावा डोर-टू-डोर कचरा प्रबंधन का टेंडर लेने वाले ठेकेदार की लापरवाही व समय पर कचरे का निस्तारण न करना भी कारण रहा। इस बार भी शहर की स्थिति ज्यादा ठीक नहीं है। बावल व धारूहेड़ा में स्वच्छता रैंकिंग में जिला पिछली बार काफी पिछड़ गया था। स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 में बावल की रैंकिंग गिरकर 1271, जबकि धारूहेड़ा की रैंकिंग 637 थी। बावल की स्टेट रैंकिंग 77 व धारूहेड़ा की 44 आई थी। ओडीएफ स्टेटस में बावल नगरपालिका को ओडीएफ व धारूहेड़ा को वाटर प्लस मिला था।

### पिछले वर्षों की स्वच्छता रैंकिंग

| वर्ष | रेवाड़ी रैंकिंग | बावल रैंकिंग | धारूहेड़ा रैंकिंग |
|---|---|---|---|
| 2017 | 303 | - | - |
| 2018 | 254 | 499 | 541 |
| 2019 | 264 | 536 | 716 |
| 2020 | 118 | 112 | 141 |
| 2021 | 190 | 472 | 123 |
| 2022 | 140 | 35 | 16 |
| 2023 | 258 | 246 | 186 |
| 2024-25 | 490 | 1271 | 637 |

### सफाई कर्मियों की कमी शहर की सबसे बड़ी समस्या



*नगर परिषद की ओर से शहर को स्वच्छ बनाने के लिए भी ठोस कदम नहीं उठाए गए। शहर की सड़कों पर डस्टबिन नहीं है। सभी मार्गो पर जगह-जगह अनावश्यक कचरा प्वाइंट बन गए है, जहां हर समय गंदगी फैली रहती है। सफाई कर्मियों की कमी भी शहर की सबसे बड़ी समस्या है। शहर के सभी सार्वजनिक शौचालयों की हालत दयनीय बनी हुई है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की गाड़ियां भी सभी वार्डो में नहीं पहुंच रही है। शहर के 90 फीसदी लोग अब भी अपने घरों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को बिना अलग किए गाड़ियों में डपल रहे है। एमआरएफ सेंटर की व्यवस्था भी बिगडी हुई है। कचरा डंपिंग यार्ड के बाहर तक कचरा फैला रहता है।*

## जमीनी विवाद में दो गुटों के बीच संघर्ष तीन महिलाओं सहित दस नामजद

- पुलिस मामले की जांच कर रही
- जमीन के एक हिस्से पर कब्जे को लेकर मामला कोर्ट में विचाराधीन है



रेवाड़ी। विवाद में घायल पुरुष व महिला

**रेवाड़ी।** ड्योढई में जमीनी विवाद को लेकर दो गुटों के बीच संघर्ष हो गया। इस संघर्ष में दोनों गुटों के कई लोगों को चोटें आई हैं। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने 3 महिलाओं सहित 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर पहले हमला करने के आरोप लगा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिवरत्न ने पुलिस बयान में बताया कि उसका खेत के पड़ोसी कर्णसिंह के साथ जमीनी विवाद चला आ रहा है। जमीन के एक हिस्से पर कब्जे को लेकर मामला कोर्ट में विचाराधीन है। उसके व कर्णसिंह के परिजनों के बीच रंजिश बनी हुई है। उसने आरोप लगाया कि रंजिश के चलते उसके भतीजे सचिन के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। पता चलने पर वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बचाव कराने के लिए पहुंचा, तो दूसरे पक्ष के लोगों ने उस पर व उसके परिवार के सदस्यों पर भी हमला कर दिया। शोर मचाने पर गांव के लोग वहां आ गए। उन्होंने बीच-बचाव कराया। दूसरी ओर कर्णसिंह ने आरोप लगाया है कि उसने जमीन पर किसी तरह का कोई कब्जा नहीं किया हुआ है। उन पर हमला करने के आरोप भी बेबुनियाद हैं। बहरहाल पुलिस ने इस मामले में तीन महिलाओं सहित दस लोगों को नामजद करते हुए जांच शुरू की है।

## चोरी की वारदातों पर रोकथाम के लिए ठीकरी पहरा लगाने पर जोर



**रेवाड़ी।** जिले की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर मंगलवार को थाना प्रभारियों ने मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठक। बैठक में उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी लगवाने पर जोर दिया गया तथा ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूक किया गया। रोहड़ाई थाना एसएचओ इंस्पेक्टर विद्या सागर, कोसली थाना एचएचओ मनोज कुमार, जाटूसाना थाना एचएचओ शिव दर्शन व बावल थाना प्रभारी फूल कुमार ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के लिए मौजिज व्यक्तियों को दिशा-निर्देश दिए। थाना प्रभारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न अपराधों की जानकारी व उनसे बचाव के उपाय बताए। इसके अलावा चोरी की वारदातों को रोकने के लिए गांवों में ठीकरी पहरा व उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाने पर जोर दिया। उन्होंने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए गांवों में शरारती तत्वों, नशाखोरी करने व संदिग्धों व्यक्तियों पर नजर रखने बारे भी अपील की। थाना प्रभारियों ने कहा कि किसी भी आपराधिक घटना की सूचना पुलिस को डायल-112 पर दे।

# एंबुलेंस में ही गूंज उठी लाडो की किलकारी जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ पहुंचाए अस्पताल

- इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन के प्रयास रहे सराहनीय, प्रवेश ने तीसरी संतान के रूप में दिया बेटी को जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मंगलवार सुबह डायल-122 पर कॉल आई कि गिंदोखर गांव में महिला को डिलीवरी होनी है। सूचना मिलने के बाद सिविल अस्पताल से चालक सुनील कुमार इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन अशोक कुमार एंबुलेंस लेकर गांव पहुंच जाते हैं। इसके बाद गर्भवती महिला को लेकर एंबुलेंस सिविल अस्पताल के निकली, तो रास्ते में ही महिला की प्रसव बढ़ गई। ईएमटी अशोक कुमार ने सूझबूझ का परिचय देते हुए एंबुलेंस में ही महिला की डिलीवरी करा दी। महिला ने स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। बाद में स्वस्थ जच्चा-बच्चा को अस्पताल दाखिल कराया गया, तो डॉक्टरों से लेकर अन्य स्टाफ भी वहां पहुंच गया।

गिंदोखर निवासी सुनील की पत्नी प्रवेश देवी को दो संतान पहले से हैं। वह गर्भवती थी और स्वास्थ्य विभाग से लगातार चेकअप करा रही थी। मंगलवार सुबह प्रसव पीड़ा शुरू होते ही परिजनों ने एंबुलेंस बुलवा ली। जब प्रवेश को एंबुलेंस में लेकर सिविल अस्पताल लाया जा रहा था, तो रास्ते में प्रसव पीड़ा बढ़ गई। ईएमटी अशोक कुमार ने चलती एंबुलेंस में ही प्रवेश की सफलतापूर्वक डिलीवरी करा दी। एंबुलेंस में 'लाडो' की किलकारी गूंजने लगी, तो परिजन भी काफी खुश नजर आए। एंबुलेंस ने अस्पताल पहुंचकर प्रवेश को नवजात बच्ची सहित प्रसूती वार्ड में दाखिल करा दिया। इसके बाद डॉक्टरों की टीम ने जच्चा और बच्चा दोनों की जांच की। दोनों के स्वस्थ होने की पुष्टि होने के बाद सीएमओ नरेंद्र दहिया व अस्पताल के दूसरे अधिकारियों ने ईएमटी अशोक कुमार की सराहना की।



रेवाड़ी। डिलीवरी के बाद एंबुलेंस में जच्चा व बच्चा। फोटो : हरिभूमि

### बच्ची को देखने को पहुंचे सीएमओ दहिया

प्रसूती के बाद सीएमओ डा. नरेंद्र दहिया, पीएमओ डा. सुरेंद्र यादव, नोडल अधिकारी डा. भंवर सिंह, फ्लीट मैनेजर योगेश कुमार व अस्पताल स्टाफ के सदस्य भी वार्ड में पहुंचे। वहां जच्चा-बच्चा का कुशलक्षेम जाना। नवजात के पिता सुनील ने तीसरी संतान के रूप में परिवार में बच्ची पैदा होने पर खुशी जाहिर करते हुए ईएमटी और समय पर एंबुलेंस पहुंचाने पर चालक के प्रयासों की सराहना की।

### पहले भी एंबुलेंस में करा चुके डिलीवरी

सीएमओ डा. दहिया के अनुसार आपात स्थिति में मरीज को मदद पहुंचाने में इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन बड़ी भूमिका अदा करते हैं। इससे पूर्व ईएमटी अरुण कुमार, विनोद यादव, आशीष, उमेद, राजकुमार, रवि सिंहवाहिया, प्रदीप व सुनील भी चलती एंबुलेंस में महिलाओं की सफलतापूर्वक ढंग से डिलीवरी करा चुके हैं। वह हादसों और गंभीर मरीजों की जान बचाने में भी बड़ी भूमिका अदा करते हैं।

### ईएमटी की भूमिका महत्वपूर्ण

डिलीवरी केसों में कई बार प्रसूता को समय पर अस्पताल पहुंचाने में चूक हो जाती है। इससे रास्ते में ही डिलीवरी के चांस बन जाते हैं। ऐसे में आईएमटी बड़ी भूमिका निभाते हैं। इस केस में भी सराहनीय कार्य किया गया है।

-डा. नरेंद्र दहिया, सीएमओ।

# केंद्र तक पहुंचा साहबी नदी के प्रदूषण का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा



साहबी नदी में डाले जा रहे प्रदूषित पानी का मामला केंद्र तक पहुंच गया है। शिकायत के बाद राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से कराई गई जांच में जलभराव और प्रदूषण की समस्या को गंभीर माना गया है। गांव खरखड़ा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने भिवाड़ी और खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाले प्रदूषित पानी के साहबी नदी क्षेत्र तक पहुंचने के मुद्दे को लेकर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव, प्रधानमंत्री कार्यालय व केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित अन्य संबंधित विभागों को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी। जांच रिपोर्ट के अनुसार खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित शनि मंदिर और आसपास के इलाके में लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। बोर्ड ने माना है कि भिवाड़ी और आसपास के क्षेत्रों से निकलने वाला भारी मात्रा में घरेलू सीवेज इस क्षेत्र में पहुंच रहा है, जिससे खाली भूखंडों और निचले इलाकों में गंदा पानी जमा हो रहा है।

### समाधान की दिशा में पहल शुरू

अब मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्र और राज्य स्तर पर समाधान की दिशा में पहल शुरू की गई है। रिपोर्ट के अनुसार क्षेत्र से जल निकासी के लिए लगभग छह किलोमीटर लंबे ड्रेन के निर्माण की योजना बनाई जा रही है। इसके अलावा भिवाड़ी में 34 एमएलडी क्षमता का नया सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट चालू किया गया है। खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र के लिए कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने के लिए भूमि भी चिन्हित की गई है। प्रकाश यादव ने जलभराव का फायदा उठाकर अपशिष्ट जल छोड़ने वाली औद्योगिक इकाइयों की पहचान सार्वजनिक कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

तेज हवाओं के साथ कई इलाकों में बरसे बदरा, दो दिन इसी तरह का बना रहने के आसार

# दोपहर तक भीषण गर्मी, झमाझम बारिश के बाद मौसम सुहाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दोपहर तक भारी गर्मी लोगों के पसीने छुड़ाने लगी। दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ जिले के कई इलाकों में झमाझम बारिश ने मौसम खुशगवार बना दिया। इससे लोगों को भारी गर्मी से काफी राहत मिल गई। दो दिन तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली रहेगी।

मंगलवार को सुबह के समय आसमान में आंशिक बादल छाए रहे। इसके बाद आसमान साफ हो गया। तेज धूप निकलने के बाद उमस भरी गर्मी ने परेशान करना शुरू कर दिया। अधिकतम तापमान 0.4 डिग्री की मामूली वृद्धि के साथ 39.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। रात का तापमान भी 0.8 डिग्री की वृद्धि के साथ 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 40 प्रतिशत तक रहा, जबकि हवाओं की रफ्तार 20 किलोमीटर प्रति घंटा तक रही। दोपहर तक उमस भरी गर्मी ने लोगों को जमकर परेशान किया। कूलर की हवा तक बेअसर साबित होती रही। दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में घने बादलों और तेज हवाओं के साथ कहीं बूंदाबांदी, तो कहीं हल्की बारिश हुई। बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग के अनुसार 24 और 25 जून को भी मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। इस दौरान तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। शाम के समय आसमान में बादल गहराने के बाद और बारिश की संभावना बनी हुई थी।



रेवाड़ी। नई अनाजमंडी में सड़क पर जमा बरसात का पानी। फोटो : हरिभूमि

### किसानों को बारिश की दरकार

जिले के किसान खरीफ की फसल सीजन में लगभग 90 हजार हेक्टेयर भूमि पर बाजरे की बिजाई करते हैं। जून के शुरू में हुई बारिश के बाद लगभग 20 फीसदी किसानों ने बाजरे की बिजाई कर दी थी। शेष किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार है। बाजरे की बिजाई के लिए यह उपयुक्त समय माना जा रहा है। जिन किसानों ने बाजरे की अगेती बिजाई की थी, उनकी फसल को भी सिंचाई की आवश्यकता होने लगी है। किसान बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### शहर में जलभराव से परेशानी

शहर में हल्की बारिश भी लोगों के लिए आफत बन जाती है। शाम के समय बारिश के बाद बावल रोड व शहर के दूसरे इलाकों में जगह-जगह जलभराव हो गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बावल रोड पर तो सड़क के गड्ढों में पानी एकत्रित हो गया, जिससे वाहन चालकों को निकलने में परेशानी हुई। हल्की बारिश से ही हालात बिगड़ रहे हैं, तो ज्यादा बारिश होने की स्थिति शहर के लोगों के लिए आफत बन सकती है।

# आपसी विवाद में मारपीट कर अस्पताल पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



गोठड़ा गांव में जमीन का सौदा करने के बाद कागजों में रकबा बढ़ाने का विरोध करने पर भूमालिक को पीटकर अस्पताल पहुंचा दिया। पुलिस ने घायल के बयान दर्ज करने के बाद केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। अस्पताल में उपचाराधीन सोहनलाल के अनुसार उसने अपनी 8 कनाल जमीन का सौदा 62 लाख रुपये में धर्मबीर के साथ किया था। चेतन ने एग्रीमेंट के समय मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी। उसने आरोप लगाया कि बाद में एग्रीमेंट में जमीन 9 कनाल कर ली गई। जमीन की रजिस्ट्री इसी साल जनवरी माह में होनी थी, जो तकनीकी कारणों से नहीं हो सकी। जब उसे कागजों में छेड़छाड़ का पता चला, तो इस पर विरोध जताया। उसने आरोप लगाया कि इसी बात से आवेश में आए चेतन ने अपने दोस्तों को बुलाकर उस पर हमला कर दिया। गांव के लोगों ने उसका बचाव किया। बाद में उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।



# बॉर्डर 3 में दिखाई जाएगी जनरल हरबख्श सिंह की कहानी...

**नई दिल्ली।** बॉर्डर 2 की जबरदस्त सक्सेस के बाद अब निधि दत्ता ने जेपी फिल्म्स के बैनर तले कुछ और फिल्में बनाने का फैसला लिया है। निधि एक या दो नहीं पांच फिल्में बनाने के मूड में हैं। इनमें से सबसे ज्यादा चर्चा में है बॉर्डर 3। बताया जा रहा है कि ये फिल्म एक वॉर बायोपिक होगी। असल में यह जनरल हरबख्स सिंह की बायोपिक होगी। बॉर्डर 3 के अलावा ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक एयर फोर्स ड्रामा फिल्म, माइथोलॉजी और भारतीय इतिहास पर आधारित एक ट्रेजर हंट फिल्म और इनके अलावा लीजेंड्री फिल्म मेकर ओपी दत्ता (जेपी दत्ता के पिता) की जिंदगी पर एक लंबी सीरीज बनाने की प्लानिंग है।

## लाइफ Style



# अनुष्का

## कोरियन फिल्म में निभाएंगी लीड रोल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने बड़ी अपलब्धि हासिल की है। वह साउथ कोरियन फिल्म में लीड रोल निभाने वाली पहली भारतीय एक्ट्रेस बनने वाली हैं। 23 साल की यह स्टार आने वाली रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा 'जेजू ओले' में लीड रोल निभाएंगी, जो भारत और साउथ कोरिया के बीच एक सांस्कृतिक सहयोग है।

फिल्म में अनुष्का ने अलीशा का किरदार निभाया है, जो अपनी बहन को खोने के दुख से उबरने की कोशिश करते हुए साउथ कोरिया के खूबसूरत जेजू आइलैंड पर पहुंचती है। जब वह अपनी भावनाओं को समझने और अपनी जिंदगी को फिर से संवारने की कोशिश करती है, तो उसका सिंगर-सॉन्गराइटर सुनवू (जिसे कोरियन एक्टर कांग ह्युंग-सेओक ने निभाया है) के साथ एक रिश्ता बन जाता है। फिल्म की कहानी जेजू आइलैंड की खूबसूरत लोकेशन पर आधारित है। हाल ही में, अनुष्का ने 'द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया' से फिल्म में काम करने के अपने अनुभव, साउथ कोरिया के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे जुड़ाव और एक नई एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम के दौरान आई चुनौतियों के बारे में बात की। इस प्रोजेक्ट के महत्व पर बात करते हुए, उन्होंने कहा कि 'जेजू ओले' का महत्व इसलिए और भी ज्यादा है क्योंकि यह एक रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा है, जिसे वह हमेशा से पसंद करती रही हैं। अनुष्का ने बताया कि उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान के-ड्रामा देखना शुरू किया था। समय के साथ, उन्हें कोरियन कहानी कहने के अंदाज से प्यार हो गया और अक्सर वह ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का सपना देखती थीं।

## हॉलीवुड मसाला



# डॉक्टर डूम के रूप में आएंगे नजर

**लॉस एंजिल्स।** एमसीयू की आने वाली फिल्म 'अवेंजर्स डूम्सडे' का दर्शकों के बीच उत्साह है। यह फिल्म इसी साल दिसंबर में रिलीज होगी। इसमें हॉलीवुड स्टार रॉबर्ट डाउनी डॉक्टर डूम के रूप में नजर आएंगे। हाल ही में टॉम हॉलैंड ने खुलासा किया कि उन्हें मार्वल के इस सीक्रेट का पहले ही पता चल गया था। टॉम के मुताबिक, मार्वल द्वारा डॉक्टर डूम के रूप में मार्वल यूनिवर्स में डाउनी की वापसी की घोषणा करने से पहले रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने निजी रूप से उन्हें फोन किया था।



# एमसीयू में सिर्फ एक को पता है, पीटर कौन है?

**लॉस एंजिल्स।** 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' की रिलीज से ठीक एक महीने पहले टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। पिछली फिल्म 'नो वे होम' के आखिर में हमने देखा था कि डॉक्टर स्ट्रैंज के जादू से दुनिया यह भूल चुकी है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। लेकिन, अब टॉम ने बातों-बातों में खुलासा किया है कि एमसीयू में एक ऐसा है, जिसे यह सच पता है। 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' 30 जुलाई को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां 'नो वे होम' की खत्म हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि रिलीज से ठीक पहले पीटर पार्कर यानी एक्टर टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। उन्होंने खुलासा किया है कि एमसीयू में सिर्फ एक ऐसा किरदार है, जिसे पता है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। स्पाइडर-मैन' फ्रेंचाइजी की यह चौथी है, जबकि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' से पहले यह मार्वल सिनमैटिक यूनिवर्स की कहानी को नया मोड़ देगी।



# बहुत घबराहट हो रही थी फिर सबने की मदद

**मुंबई।** बोलो ता रा रा, तुनक तुनक तुन, ना ना ना रे और हो जाएगी बल्ले-बल्ले जैसे गानों की सौगात देने वाले मशहूर सिंगर दलेर मेहंदी अब परदे पर एक्टिंग करते नजर आएंगे। फिल्म होगी 'वेलकम टू द जंगल'। इस मल्टीस्टारर फिल्म में काम करके दलेर मेहंदी बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में उन्होंने अपना अनुभव शेयर करते हुए सितारों की तारीफ की। अपना अनुभव बताते हुए दलेर मेहंदी ने कहा कि उन्हें फिल्म की पूरी कास्ट से बहुत प्यार और सपोर्ट मिला। दलेर मेहंदी ने माना कि शुरू में उन्हें घबराहट हो रही थी। सब दोस्त हैं, लेकिन जब एक्टिंग की बारी आई तो बहुत घबराहट हो रही थी'। मगर, सेट पर मौजूद अच्छे और दोस्ताना माहौल की वजह से उनकी घबराहट जल्द ही दूर हो गई। सिंगर ने कहा, 'अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी बहुत अच्छे इंसान हैं।



# वो 7 दिन के 43 साल पूरे होने पर मनाया जश्न

**मुंबई।** 1983 में आई सुपरहिट फिल्म 'वो 7 दिन' के 23 जून को पूरे 43 साल हो गए हैं। अनिल कपूर ने अपनी इस फिल्म की सफलता का जश्न मनाते हुए एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया है। अनिल कपूर ने बताया कि इसी फिल्म ने उन्हें हिंदी सिनेमा में असली पहचान दिलाई। अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म के कई सीन का एक वीडियो शेयर किया है, जिसके बैकग्राउंड में फिल्म का मशहूर गाना 'प्यार किया नहीं जाता' बज रहा है। उन्होंने लिखा कि कुछ फिल्में हमेशा दिल के करीब रहती हैं और 'वो 7 दिन' उनके लिए हमेशा बेहद खास रहेगी। अनिल कपूर ने फिल्म के साथी कलाकारों और अपने परिवार का आभार जताया। नसीरुद्दीन शाह और पद्मिनी कोल्हापुरे के बारे में अनिल कपूर ने कहा कि वे इन दोनों कलाकारों के हमेशा आभारी रहेंगे।


## टीवी मसाला



# तारक मेहता के इन कलाकारों ने नहीं की शादी, 48-50 की उम्र में भी कुंवारे

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जितना पॉपुलर है, उसके किरदार भी उतने ही पॉपुलर हैं और दर्शकों के दिलों में बसे हुए हैं। कई कलाकार तो ऐसे रहे, जो यह शो छोड़ चुके हैं, पर आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं। जेठालाल से लेकर दयाबेन, बबीता जी और पोपटलाल, समेत हर किरदार दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ चुका है। पोपटलाल तो ऐसा किरदार है, जिसकी लाख कोशिशों के बावजूद शादी नहीं हो पा रही है। 'तारक मेहता' में पोपटलाल की शादी करवाने के लिए न जाने कितने ही सीक्वेंस शुरू किए गए, पर अब तक वह कुंवारा ही है। हालांकि, उस किरदार को निभाने वाले एक्टर श्याम पाठक असल में शादीशुदा हैं और तीन बच्चों के बाप भी। लेकिन, यहां आपको 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के उन एक्टर्स के बारे में बता रहे हैं, जो असल जिंदगी में कुंवारे हैं। किसी की उम्र 50 साल से अधिक है तो किसी की 48 साल है, पर अभी तक उनकी शादी नहीं हुई है। यानी कह सकते हैं कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के ये कलाकार असल जिंदगी में 'पोपटलाल' हैं। 'मिस्टर अय्यर' यानी तनुज महाशब्दे 45 साल के हैं, पर अब तक कुंवारे हैं। असल जिंदगी में उनकी शादी नहीं हुई है। बबीता जी का किरदार निभाने वालीं मुनमुन दत्ता असल जिंदगी में कुंवारी हैं। वह 38 साल की हैं। शादी को लेकर मुनमुन दत्ता ने रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में कहा था कि उन्हें प्यार पसंद है, पर शादी के पीछे नहीं भागतीं। वह सिंगल हैं और बच्चे नहीं हैं, तो इस वजह से खुद पर ध्यान दे पाती हैं। मुनमुन दत्ता ने कहा था कि शादी कभी भी उसका जीवन भर का सपना नहीं रहा, और बड़े होते हुए उन्होंने कभी किसी आदर्श पति या परफेक्ट शादी के बारे में नहीं सोचा। साथ ही कहा था कि अगर शादी होनी है, तो वह अपने आप हो जाएगी। मिसेज अंजलि तारक मेहता का रोल निभाने वालीं नेहा मेहता भी आज तक सिंगल और कुंवारी ही हैं। वह 48 साल की हो चुकी हैं, पर शादी नहीं हुई है।

## 'मुझे लड़कियों का सिगरेट पीना पसंद नहीं'



**नई दिल्ली।** 'अंगूरी भाभी' शिल्पा शिंदे ने फेमिनिज्म पर बात करते हुए कहा है कि उन्हें महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है, जिसे मॉडर्न होने से जोड़कर देखा जाता है। उन्होंने पहनावे पर भी बात की और कहा कि इंसान की सोच उसके कपड़ों पर निर्भर नहीं करती। उन्होंने खुद को रूढ़िवादी बताया। एक इंटरव्यू में शिल्पा शिंदे ने कहा कि कुछ निजी मान्यताओं को लेकर वह थोड़ा रूढ़िवादी हैं और उन्हें महिलाओं को स्मोकिंग करते हुए देखना अच्छा नहीं लगता, जिसे 'मॉडर्न' होने का नाम दिया जाता है। शिल्पा शिंदे ने कहा, 'असल में, मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं। सच कहूं तो, मुझे महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है। यह मेरी निजी राय है और इसीलिए मैं कहती हूं कि इस मामले में मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं।'

# पांच साल बाद फिर डराने आ रहे इमरान, फिल्म 'रूह' की घोषणा

**मुंबई।** हॉरर फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता इमरान हाशमी पांच वर्षों के बाद एक बार फिर हॉरर जॉनर फिल्म में नजर आने वाले हैं। उनकी नई फिल्म 'रूह' की घोषणा हो चुकी है। मेकर्स ने इसका पहला लुक भी जारी किया है। फिल्म के मेकर्स ने एक वीडियो के जरिए फिल्म 'रूह' की घोषणा की है। 52 सेकंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि एक जंगल में एक रहस्यमयी लड़की है। इसके बाद एक धुंधला सा शीशा नजर आता है। इस शीशे को एक रहस्यमयी हाथ साफ करता है। शीशे में इमरान हाशमी का चेहरा नजर आता है। देखते-देखते इमरान हाशमी की आंखें काली हो जाती हैं। इसके बाद फिल्म का टाइटल 'रूह' लिखा नजर आता है। यह फिल्म 2027 में रिलीज होगी। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु जैसी भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म के निर्देशक मयंक शर्मा होंगे। इसके लेखक मयंक शर्मा और विशाल कपूर हैं। फिल्म के निर्माता विक्रम खंखर और सनी खन्ना होंगे।



इमरान हाशमी बताया कि 'रूह' एक ऐसी फिल्म है जिसने मुझे तुरंत अपनी ओर खींचा, क्योंकि इसमें नए जमाने की हॉरर, भावना और संगीत का बहुत जबरदस्त मेल है। दर्शक हमेशा से मुझे इस तरह की फिल्मों से जोड़कर देखते आए हैं। मयंक जिस दुनिया को बना रहे हैं, वह बहुत दमदार, इमोशनल और सिनेमैटिक लगती है। 'रूह' के बारे में इसी बात ने मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित किया है। मैं सच में चाहता हूं कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखें।'

# घायल की 36वीं सालगिरह पर सनी हुए भावुक, पिता को किया याद...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर सनी देओल ने अपनी शानदार फिल्म 'घायल' की रिलीज के 36 साल पूरे होने पर जश्न मनाया है। उन्होंने इस मौके पर अपने दिवंगत पिता और मशहूर एक्टर धर्मेंद्र को याद किया है। इंस्टाग्राम पर फिल्म के यादगार सीन का एक मोंटाज शेयर करते हुए, सनी देओल ने फिल्म को सफल बनाने का श्रेय धर्मेंद्र को दिया है। वीडियो शेयर करते हुए सनी देओल ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'पापा के भरोसे और राज की राइटिंग ने 'घायल' को मुमकिन बनाया। आपके प्यार ने इसे अमर बना दिया।' इसके साथ उन्होंने रेड हार्ट और हाथ जोड़ने वाले इमोजी भी लगाए। आपको बता दें कि कई निर्माताओं के इस फिल्म को सपोर्ट करने से मना करने के बाद धर्मेंद्र ने खुद 'घायल' को प्रोड्यूस किया। सनी देओल पर उनका भरोसा काम आया और यह फिल्म एक्टर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन गई। फिल्म की लीड एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि ने भी 'माहिया तेरी कसम' गाने को रीक्रिएट करके इस फिल्म की 36वीं एनिवर्सरी मनाई। अपने डांस मूव्स दिखाते हुए एक वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, 'आज घायल की 36वीं एनिवर्सरी है। एक ऐसी फिल्म जो हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। तीन दशक बाद जब मैं इंडियन सिनेमा से फिर से जुड़ रही हूं, तो फिल्म के इस खूबसूरत रोमांटिक गाने को फिर से देखना बहुत खास लग रहा है।' 'घायल' के निर्देशक राजकुमार संतोषी थे। इसमें राज बब्बर और अमरीश पुरी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं। मौसमी चटर्जी, अन्नू कपूर, ओम पुरी, शरत सक्सेना और सुदेश बेरी सपोर्टिंग रोल में नजर आए थे। ढाई करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने 20 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।



## 77 साल बाद भी कल्ट सॉन्ग सुन कांपती है रूह

# माइक से 25 फीट दूर खड़े होकर लता ने गाया था भूतिया गाना

*नई दिल्ली। स्वरकोकिला लता मंगेशकर ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार गाने दिए हैं। उनकी आवाज में गाने सुनते ही दर्शको धुन में खो जाते हैं। 36 से अधिक भाषाओं में गाने देने वालीं लता मंगेशकर ने वैसे तो अपने करियर में कई यादगार गाने गाए हैं, लेकिन 77 साल पहले उन्होंने एक ऐसा गीत गाया था, जिसे आज भी अकेले में सुनने में थोड़ा डर का एहसास होने लगेगा। जिस गाने के बारे में हम आपको बता रहे हैं, उसके बाद ही लता मंगेशकर को 'सुर सम्राज्ञी' का टैग मिला था।*



### बिना साउंड ट्रैक के गाया था हॉरर गाना

लता मंगेशकर की आवाज में गाए हम जिस कल्ट क्लासिक सॉन्ग का जिक्र हम अपने इस लेख में कर रहे हैं, वह साल 1949 में रिलीज हुई हॉरर फिल्म 'महल' का है, जिसमें अशोक कुमार और मधुबाला ने मुख्य किरदार निभाया था। इस फिल्म का एवरग्रीन हिट सॉन्ग 'आएगा आने वाला आएगा' उस दौर में बहुत बड़ा हिट हुआ था। महल के गाने ने एक गाने ने लता मंगेशकर को बॉलीवुड में वह मुकाम दिया था, जिसकी कल्पना भी सिंगर ने नहीं की थी। हालांकि, 'आएगा आने वाला आएगा' गाने में हॉरर फील लाने के लिए मेकर्स ने काफी जद्दोजहद की थी। उस समय पर तकनीकी उपकरण कम थे, जिसकी वजह से इस गाने को गाने के लिए लता मंगेशकर को कमाल अमरोही और खेमचंद प्रकाश ने खाली रूम में एकदम कोने में खड़ा किया था।

### 9 लाख के बजट में बनी महल हुई थी सुपरहिट

लता मंगेशकर की आवाज में गाए इस गीत के बाद ही वह हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी सिंगर बनकर उभरीं। जहां लता मंगेशकर ने गाने को आवाज दी, तो वहीं दूसरी तरफ खेमचंद प्रकाश ने इसका म्यूजिक कंपोज किया। साल 1949 में रिलीज हुई 'महल' का बजट उस दौर में 9 लाख के आसपास था, लेकिन फिल्म की कमाई 1.45 करोड़ के आसपास हुई थी।

### भूतों का फील लाने के लिए बिना टेक्निक किया रिकॉर्ड

*एक रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स चाहते थे कि जब यह गाना बजे तो ऐसा लगे कि कोई अदृश्य साया या भूत दूर से गाते हुए धीरे-धीरे पास आ रहा है। जिसके लिए लता मंगेशकर रिकॉर्डिंग स्टूडियो में खाली जगह पर थीं और उनसे माइक तकरीबन 25 फीट दूर था। रिकॉर्डिंग स्टूडियो के बीचों-बीच एक माइक्रोफोन रखा गया था। जब लता मंगेशकर ने गाने 'खामोश है जमाना, चुपचाप हैं सितारे...' गाना शुरू किया तो दूर से उनकी आवाज आ रही थी, जो बेहद धीमे थी। वह माइक की तरफ धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थीं, जिससे यह लगे कि 'महल' में मौजूद साए कि आवाज 'हरि' के करीब आ रही है। इत्तेफाक से मुख्य मुखड़े 'आएगा आने वाला आएगा' लाइन आने तक वह माइक के बिल्कुल करीब पहुंच गई थी। मेकर्स ने जिस तरह से इस गाने की प्लानिंग की थी, ठीक सब चीजें उसी तरह से चली, जब 'महल' रिलीज हुई और यह गाना उस दौर में थिएटर्स में बजा तो लोगों को बेहद पसंद आया, लेकिन साथ ही काफी डर भी लगा।*

## डीसी ने जिला बाल कल्याण समिति व जिला बाल संरक्षण इकाई के साथ की समीक्षा बैठक

# बच्चों के संरक्षण, पुनर्वास और संवेदनशील मामलों में तत्काल कार्रवाई करें अधिकारी

बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा प्रशासन की पहली प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। बाल संरक्षण को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि




रेवाड़ी। रेस्क्यू किए गए बच्चों के साथ समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि बच्चों को पॉक्सो एक्ट के बारे में जानकारी देने के लिए अधिक से अधिक स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसके साथ-साथ जिले में बालश्रम नहीं होने दिया जाए। बाल श्रम कराने वाले ढाबा, होटल व फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें तथा पीड़ित बच्चों को आवश्यक सहायता और संरक्षण उपलब्ध कराया जाए।

डीसी अभिषेक मीणा ने मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला बाल कल्याण समिति एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के साथ समीक्षा करते हुए विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने बैठक में बच्चों के संरक्षण, पुनर्वास, स्पॉन्सरशिप, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। जिले में पॉक्सो एक्ट और बाल सुरक्षा को लेकर विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों सहित अन्य जगहों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाए।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी दीपिका यादव ने बताया कि जिले में नियमित रूप से पॉक्सो एक्ट को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। तीन महीनों में 43 से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को पॉक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी गई है। इसके अलावा बाल श्रम रोकने के लिए जिले में छापामार कार्रवाई की जाती है। बाल श्रम, गुमशुदा बच्चों और पॉक्सो एक्ट आदि केस में बच्चों की मेडिकल जांच व काउंसिलिंग भी कराई जाती है। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी विरेंद्र यादव, महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव, डिप्टी सीएमओ डा. भंवर सिंह व रेडक्रास सोसायटी सचिव बिजेंद्र सोरोत सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### होटल-ढाबों से बालश्रम करते बच्चों को कराया मुक्त, परिजनों को सौंपा

**रेवाड़ी।** मंगलवार को बाल श्रम के खिलाफ एक संयुक्त अभियान चलाया गया, जिसमें विभिन्न होटलों, ढाबों और दुकानों से चार बच्चों को मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई एमडी ऑफ इंडिया टीम ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के साथ मिलकर की। रेस्क्यू किए गए सभी बच्चे कम उम्र के थे और उन्हें बेहद खराब परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा था। बच्चों को मुक्त कराने के बाद बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रुति शर्मा और सदस्य नीतू चौधरी, एकता रानी व बलजीत सिंह ने बच्चों के माता-पिता और प्रतिष्ठानों के मालिकों को सख्त चेतावनी दी। अध्यक्ष शर्मा ने स्पष्ट किया कि भविष्य में बाल श्रम कराने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बाल संरक्षण अधिकारी दीपिका की देखरेख में बच्चों की काउंसलिंग की गई। इसके बाद सभी बच्चों को लिखित कार्यवाही के साथ उनके माता-पिता को सौंपा गया। श्रुति शर्मा ने बताया कि मंगलवार को चार बच्चों को रेस्क्यू किया गया। जून महीने में अब तक 13 बच्चों का रेस्क्यू किया जा चुका है।

#### बाल श्रम एक दंडनीय अपराध

एमडी ऑफ इंडिया के असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर तुषार शर्मा ने बताया कि बाल श्रम एक दंडनीय अपराध है। कानून के अनुसार, 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे से काम कराना या 14 से 18 वर्ष के किशोरों को खतरनाक कार्यों में लगाना गंभीर अपराध है। ऐसे मामलों में दोषी को 1 से 6 महीने तक की कैद या 20 हजार से 50 हजार रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहस यदि कहीं भी बाल श्रम का कोई मामला दिखाई दे तो तुरंत श्रम विभाग, मानव तस्करी विरोधी इकाई, बाल कल्याण समिति या जिला प्रशासन को सूचित करें। अभियान में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की ओर से एएसआई रश्मि, एएसआई प्रवीन और कॉन्स्टेबल सुनील शामिल थे।



रेवाड़ी। पार्क के लिए वन क्षेत्र का निरीक्षण करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## बूढ़पुर में 26 को राव मोहर सिंह करेंगे बायोडायवर्सिटी पार्क का शिलान्यास

■ कैबिनेट मंत्री राव नरबीर करेंगे कार्यक्रम में शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

उद्योग वाणिज्य, वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह 26 जून को जिले के गांव बूढ़पुर में करोडों रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास करेगें, वही गांव के बाबा धूणीदास प्राचीन मंदिर प्रांगण में बाबा धर्मदास महाराज की मूर्ति का अनारवण तथा शिव परिवार की प्रतिमाओं की स्थापना करेगें। कार्यक्रम को लेकर वन संरक्षक दक्षिणी परिमण्डल डा. सुभाष यादव ने मंगलवार को वन क्षेत्र का निरीक्षण किया। उनके साथ वन मंडल अधिकारी दीपक नंदा, वन राजिक अधिकारी संदीप यादव, वन ब्लॉक अधिकारी मोहित यादव, संदीप यादव, तेजेन्द्र यादव, सरपंच मोनिका यादव, हरिन्द्र यादव, सुबेदार जयपाल व पंच जय गोविन्द सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

सुभाष यादव ने बताया कि गांव बूढ़पुर में 35 एकड़ में बनने जा रहे बायोडायबसिटी पार्क व अमृत सरोवर का शिलान्यास होगा। पार्क में हर प्रकार कि प्रजाति के पक्षी दिखाई देगें। पार्क को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

वन मंडल अधिकारी दीपक नंदा ने बताया कि पार्क के 35 एकड़ में चारों ओर 8-10 फीट ऊंचाई की तार फैंसिंग की जाएगी तथ 1800 मीटर का घूमने के लिए टैक बनाया जाएगा। प्रदेश भर में वन विभाग का यह दूसरा बायोडायबसिटी पार्क होगा जोकि राव मोहर सिंह के नाम से बनने जा रहा है। इससे पहले गुरुग्राम में देवीलाल के नाम से बायोडायबसिटी पार्क बनाया गया था।

### पावर हाउस मुंडियाखेड़ा में किया हनुमान जी का रोट

**नारनौल।** 132 केवी पावर हाउस मुंडिया खेड़ा में मंगलवार को हनुमान जी के रोट एवं हवन-यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बिजली निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा क्षेत्र के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजित हवन में कार्यकारी अभियंता शिवराज सिंह, सहायक कार्यकारी अभियंता प्रमोद कुमार यादव, एसडीओ सिहमा, अटेली, नारनौल एवं महेंद्रगढ़ सहित अनेक अधिकारियों ने आहुति अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा बोर्ड चेयरमैन के आगमन पर होगा स्वागत

**नारनौल।** स्वर्णकार समाज द्वारा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के नवनियुक्त चेयरमैन शंकर लाल सोनी धूपड़ के नारनौल में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम 24 जून को रेवाड़ी रोड स्थित सोनी होटल के समीप आयोजित होगा। स्वर्णकार सभा के प्रधान राजेंद्र सोनी ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के नवनियुक्त चेयरमैन शंकर लाल सोनी धूपड़ तथा अन्य गणमान्य नेता पार्टी कार्यक्रम के सिलसिले में सीएल फार्म पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज द्वारा उनका सम्मानपूर्वक स्वागत किया जाएगा।

### डॉ. हिम्मत यादव बने श्रीकृष्ण यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष

**कनीना।** श्रीकृष्ण यादव महासभा ने राज्य में संगठन को और अधिक गतिशील तथा मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक अहम नियुक्ति की है। महासभा ने कनीना निवासी डॉ. हिम्मत यादव को तत्काल प्रभाव से हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय संगठन महासचिव, अधिवक्ता हेमंत यादव की ओर से आधिकारिक नियुक्ति पत्र भी जारी किया गया। जिसमें डॉ. हिम्मत यादव को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली सरकार के पूर्व ओबीसी चेयरमैन जगदीश यादव का आभार जताया।



रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### बिजली पेंशनर्स ने एलटीसी की पुरानी पॉलिसी लागू करने की मांग उठाई

**रेवाड़ी।** हरियाणा बिजली पेंशनर्स की मासिक बैठक मंगलवार को कानोट गेट स्थित निजी अस्पताल परिसर में राधे श्याम शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन प्रधान नरेंद्र रोहिल्ला ने किया। बैठक की शुरूआत में दिवंगत भगवान सिंह गागड़वास, मंगत राम मेहता प्रधान कुरुक्षेत्र यूनिट तथा सुरेंद्र छाबड़ा नारनौल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर एलटीसी की पुरानी पॉलिसी लागू करने और कैशलेस मेडिकल सुविधा देने की मांग को लेकर सरकार के प्रति रोष प्रकट किया गया। वरिष्ठ पेंशनर्स की लंबित समस्याओं पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर प्रभु दयाल सचिव, बुधराम पंवार चीफ पैटर्न, संरक्षक राजेंद्र शर्मा व रामकिशन ने अपने विचार रखे। बैठक में एमके मखीजा, विजय डाबला, जसवंत सिंह छाबड़ा, राजेंद्र शर्मा, ओम प्रकाश सोलंकी, ऋषि लाल, राजेंद्र सिंह, रामकिशन सिंघल, छतरपाल,

# ऑटो म्यूटेशन और पेपरलेस रजिस्ट्रेशन-2.0 लागू

■ रजिस्ट्री प्रक्रिया होगी सरल व पारदर्शी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी




रेवाड़ी। सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेते डीसी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार की ओर से नागरिकों को बेहतर, पारदर्शी एवं तकनीक आधारित सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंगलवार को ऑटो म्यूटेशन और पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 लागू किया गया है। वर्चुअल माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में डीसी अभिषेक मीणा और राजस्व विभाग के अधिकारी जुड़े। इससे पहले डीसी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

डीसी ने बताया कि यह नई व्यवस्था रजिस्ट्री प्रक्रिया को अधिक सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाएगी तथा नागरिकों को कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से 29 सितंबर 2025 को पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 1.0 का शुभारंभ किया गया था। लगभग आठ माह के सफल संचालन और आम नागरिकों, अधिवक्ताओं तथा विभागीय अधिकारियों से प्राप्त सुझावों के आधार पर अब पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 को लागू किया गया है।

### पूरी प्रक्रिया डिजिटल तरीके से होगी

डीसी ने बताया कि नई व्यवस्था में आवेदन फॉर्म को अधिक सरल एवं उपयोगकर्ता अनुकूल बनाया गया है। अब प्रथम पक्ष और द्वितीय पक्ष की आधार आधारित ई-केवाईसी अनिवार्य होगी, जिससे पहचान संबंधी विवादों और त्रुटियों की संभावना काफी कम हो जाएगी। साथ ही एक से अधिक अधिकृत व्यक्तियों को जोड़ने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि डीड तैयार करने की प्रक्रिया को भी सरल बनाया गया है। पूरी प्रक्रिया में डिजिटल हस्ताक्षर और बायोमेट्रिक सत्यापन को शामिल किया गया है। इससे दस्तावेजों की सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री से संबंधित भूमि की जानकारी को भी अधिक पारदर्शी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों से संबंधित आवश्यक जानकारियां भी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के दौरान ऑनलाइन प्रदर्शित होंगी। इससे नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों में जानकारी प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और प्रक्रिया अधिक सुगम बनेगी। इस मौके पर जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल सहित तहसीलदार और नायब तहसीलदार मौजूद थे।

## रीजनल सेंटर में यूजी और पीजी कोर्सों की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया कल तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली



रेवाड़ी। कृष्ण नगर गांव स्थित रीजनल सेंटर।

कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में यूजी और पीजी के सभी कोर्सों की ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 25 जून तक जारी रहेगी। रीजनल सेंटर के निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने बताया कि रीजनल सेंटर में छात्राओं के लिए आधुनिक नई कम्प्यूटर लैब स्थापित की गई है। छात्राएं बीए, बीएससी व बीकॉम कोर्स में दाखिला लेकर तीन साल में पास कोर्स और चार साल में ऑनर्स डिग्री कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि यूजी और पीजी कोर्सों में दाखिले के लिए छात्राओं को सबसे पहले सभी जरूरी दस्तावेज के साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना जरूरी है, जिसके लिए जनरल की फीस 500 रुपए और एससी बीसी की 125 रुपए है। बिना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के किसी भी कोर्स में दाखिला नहीं होगा। सरकार की ओर से एससी-बीसी छात्राओं के लिए स्कॉलरशिप का भी प्रावधान है। इसके के लिए छात्राओं के पास अपना नया इन्कम सर्टिफिकेट होना जरूरी है। छात्राओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क भी उपलब्ध है। नई शिक्षा नीति के अनुसार यूजी कोर्स बीए ऑनर्स मल्टीडिसीप्लिनरी की 100 सीटें, बीएससी इन फिजिकल साइंस ऑनर्स नॉन मेडिकल की 60 सीटें व बीकॉम ऑनर्स की 60 सीटें है तथा पीजी कोर्स एमए अंग्रेजी 30 सीटें व एमए राजनीति विज्ञान में 40 सीट उपलब्ध हैं।

### बाल पुरस्कार के लिए 31 तक करें आवेदन

**नारनौल।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए वेबसाइट **https://awards.gov.in** पर 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि यह पुरस्कार बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति के क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि के लिए दिए जाते हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार देश के प्रतिभाशाली एवं प्रेरणादायी बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने की एक प्रतिष्ठित पहल है। उपायुक्त ने जिले के सभी विभागाध्यक्षों, विद्यालयों, संस्थाओं, सामाजिक व गैर-सरकारी संगठनों से आह्वान किया है कि वे अपने क्षेत्र के प्रतिभाशाली एवं प्रेरक बच्चों की पहचान कर उनके नामांकन तय समय पर सुनिश्चित करें।

## मोबाइल गुम होने के बाद सिम पोर्ट करवाकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। पुलिस की ओर से गिरफ्तार किया गया आरोपित।

पुलिस ने मोबाइल फोन गुम होने के बाद सिम पोर्ट करवाकर बैंक खाते से धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की सतर्कता व तकनीकी जांच के आधार पर आरोपित को पकड़ा गया। साथ ही ठगी गई राशि की बरामदगी की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति की गई है। पुलिस को दी शिकायत में शहर निवासी मनोज कुमार ने बताया कि उसका मोबाइल फोन कहीं गिर गया था। मोबाइल में प्रयुक्त सिम कार्ड को बंद करवा दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद अज्ञात साइबर अपराधियों ने अगले ही दिन उसके मोबाइल नंबर को पोर्ट करवा लिया। इसके बाद आरोपितों ने बैंक खाते तक अनधिकृत पहुंच बनाकर खाते से 99 हजार 990 रुपये की राशि निकाल ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाना ने जांच शुरू की। जांच के दौरान साइबर ठगी में शामिल राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी राजेश माली की भूमिका सामने आई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 22 जून को आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के कब्जे से 20 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि ठगी की राशि में से 39 हजार 500 रुपये आरोपित के बैंक खाते में प्रथम स्तर पर जमा हुए थे, जिन्हें उसी दिन एटीएम के माध्यम से निकाल लिया गया था।

### भिवानी-ढेहर का बालाजी अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा का भी होगा संचालन

# निर्जला एकादशी पर दो जोड़ी रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार

*एकादशी पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए किया गया विस्तार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेलवे की ओर से निर्जला एकादशी पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए भिवानी-ढेहर का बालाजी-भिवानी अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा के संचालन के साथ ही रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी 2 जोडी अनारक्षित स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09633/09634 रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा का रेवाड़ी से 26 जून को एवं रींगस से 27 जून को का विस्तार किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 09637/09638 रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा का रेवाड़ी व रींगस से 24, 26 व 29 जून को विस्तार किया जा रहा है। इनके अलावा गाड़ी संख्या 04737 भिवानी-ढेहर का बालाजी अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा 25 जून से 28 जून तक भिवानी से मध्यरात्रि 12:15 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 7:05 बजे ढेहर का बालाजी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04738 ढेहर का बालाजी-भिवानी अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा 25 जून से 28 जून तक ढेहर का बालाजी से सुबह 10:25 बजे रवाना होकर शाम 6 बजे भिवानी पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में चरखी दादरी, झाड़ली, कोसली, जाटूसाना, रेवाड़ी, कुंड, अटेली, नारनौल, निजामपुर, डाबला, मांवडा, नीमकाथाना, कावंट, श्रीमाधोपुर, रींगस, गोविन्दगढ मलिकपुर व चौमू सामोद स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 10 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित 12 डिब्बे होंगे।

### निर्जला एकादशी पर होगा श्री श्याम संकीर्तन



रेवाड़ी। अनाजमंडी श्री श्याम मंदिर में सजी बाबा की भव्य प्रतिमा।

**रेवाड़ी।** नई अनाज मंडी स्थित शिव मंदिर में श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से निर्जला एकादशी के अवसर पर 25 जून को 130वें मासिक श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। संकीर्तन का समय शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा। श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप से विजय अग्रवाल व रवि भट्ठेवाले ने बताया कि संकीर्तन में सूरत से भजन अमित शोरेवाला व गोकलगढ़ रेवाड़ी से संजय शर्मा अपने मधुर भजनों से बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे। 26 जून को द्वादशी के अवसर पर शिव मंदिर में सुबह 11 बजे से भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप के सदस्यों ने श्याम भक्तों से जागरण में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है।

### विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया सचेत

**नारनौल।** भारत सरकार के नशामुक्त भारत अभियान के तहत राजकीय आईटीआई में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के विनाशकारी दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना और उन्हें एक स्वस्थ, नशामुक्त व सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित इन्वेस्टिगेटर डॉ. अरुण कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ही नष्ट नहीं करता, बल्कि उसके पूरे परिवार व समाज में भी बहुत बाधा बनता है। उन्होंने युवाओं की असीम ऊर्जा और प्रतिभा को राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए आह्वान किया कि वे स्वयं को हर प्रकार के व्यसन से दूर रखें और समाज से इस बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए एक सक्रिय प्रहरी की भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के समापन सत्र में संस्थान के सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को नशामुक्ति की सामूहिक शपथ दिलाई गई। इस मौके पर अरुण कुमार, विनोद कुमार, अरुण चांदना, सुरेंद्र कुमार, सतीश कुमार सहित आईटीआई से मेजर वीरेंद्र कुमार, शक्ति सिंह आदि मौजूद रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण का सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सांपली में लगभग 2 हजार स्क्वेयर फुट प्रिकास्ट चारदीवारी का निर्माण कराया जाना है, जिसकी ऊंचाई 6 फुट होगी। सभी सामग्री, मजदूरी, रहन-सहन, लोडिंग, अनलोडिंग इत्यादि सभी कार्य प्रिकास्ट करने वाली फर्म वहन करेगी। इच्छुक फर्म विज्ञापन प्रकाशित होने के 7 दिन के अंदर कोटेशन ग्राम पंचायत सांपली को भेज सकती हैं। कोटेशन भारतीय डाक द्वारा सील बंद लिफाफे में ही मान्य होंगी।

हस्ताक्षर, सरपंच अर्चना यादव,
ग्राम पंचायत सांपली (रेवाड़ी)

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। नमन को सम्मानित करते करियर लांचर संस्था के पदाधिकारी।

### नमन ने सिम्बायोसिस लॉ स्कूल पुणे की प्रवेश परीक्षा की उत्तीर्ण

**कोसली।** कोसली क्षेत्र के गांव नठेड़ा निवासी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरकुमार यादव के पौत्र नमन यादव ने मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के उपरांत देश के प्रतिष्ठित सिम्बायोसिस लॉ स्कूल पुणे की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार व गांव का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के लिए नमन को करियर लांचर संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। नमन के पिता आशीष यादव पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट चंडीगढ़ में अतिरिक्त महाधिवक्ता है। ग्रामीणों ने नमन को बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### कोसली रेलवे स्टेशन क्षेत्र से बुजुर्ग लापता

**कोसली।** कोसली रेलवे स्टेशन क्षेत्र से एक बुजुर्ग बिना किसी को कुछ बताए घर से लापता हो गया। बुजुर्ग के भाई सीताराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका 65 वर्षीय भाई जगदीश मानसिक रूप से अस्वस्थ है तथा 20 जून की सुबह से घर से लापता है। उन्होंने सभी रिश्तेदारी व संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।

### नशा मुक्ति का संदेश फैलाने का किया आह्वान

**रेवाड़ी।** जिले में चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत मंगलवार को गांव हांसाका में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को नशे से बचाव तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सीडीपीओ पूनम, नरेश, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से मीनाक्षी और सतपाल सिंह ने ग्रामीणों को नशा से स्वास्थ्य, आर्थिक और सामाजिक तौर पर होने वाले दुष्प्रभावों के बारे जानकारी देते हुए इससे दूर रहने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने तथा खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।


रेवाड़ी। मंदिर में विराजमान चोले वाले हनुमान जी की प्रतिमा। फोटो : हरिभूमि

### हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ व भंडारा 30 को

**रेवाड़ी।** सोलहराही सेक्टर-1 स्थित प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में 30 जून मंगलवार को 35वें सुंदरकांड पाठ, भंडारा व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी बिजेन्द्र भारद्वाज मेहंदीपुर बालाजी धाम वाले ने बताया कि सुंदरकांड पाठ शाम 5 बजे शुरू होगा तथा 7:30 बजे से भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम में भजन गायक गोपाल वर्मा और बॉबी राजा सोनी मनमोहक भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। मंदिर के संस्थापक भूपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में भक्तों के सहयोग से प्रति माह सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है। ज्यादा से ज्यादा श्रृद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।




# बच्चों की सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं, पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी

## बच्चों की सुरक्षा का सबसे प्रभावी उपाय जागरूकता, संवाद व समय पर सतर्कता

- एसपी ने युवाओं एवं बच्चों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा कहा कि बच्चे हमारे वर्तमान की सबसे बड़ी जिम्मेदारी और भविष्य की सबसे बड़ी उम्मीद हैं। उनकी सुरक्षा केवल पुलिस या प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

यदि हम आज अपने बच्चों को सुरक्षित वातावरण, सही संस्कार और उचित मार्गदर्शन देंगे, तो कल वही बच्चे एक सशक्त और जिम्मेदार भारत का निर्माण करेंगे। एसपी मीणा ने कहा कि आज का समय तेजी से बदल रहा है। जहां बच्चों के सामने शिक्षा और तकनीक के नए अवसर हैं, वहीं सड़क दुर्घटनाएं, साइबर अपराध, सोशल मीडिया का दुरूपयोग, नशे का बढ़ता खतरा और अजनबियों के बहकावे जैसी गंभीर चुनौतियां भी सामने हैं। उन्होंने कहा कि इन खतरों से बच्चों की सुरक्षा का सबसे प्रभावी उपाय जागरूकता, संवाद और समय पर सतर्कता है।

### साइबर क्राइम के प्रति रहे सचेत


एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा

एसपी ने कहा कि आज इंटरनेट बच्चों की पढ़ाई और ज्ञान का माध्यम है, लेकिन थोड़ी-सी असावधानी उन्हें साइबर अपराधियों का शिकार भी बना सकती है। उन्होंने बच्चों से सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, फोटो, मोबाइल नंबर, घर का पता या पासवर्ड साझा न करने की अपील की। किसी भी अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें और किसी संदिग्ध लिंक, गेम या ऑफर पर क्लिक करने से पहले पूरी सावधानी बरतें। यदि कोई ऑनलाइन धमकी दे, ब्लैकमेल करे या अनुचित संदेश भेजे तो इसकी तुरंत जानकारी अभिभावकों एवं पुलिस को दें। एसपी ने युवाओं एवं बच्चों से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि नशा किसी भी सपने को पूरा नहीं करता, बल्कि पूरे परिवार की खुशियों को खत्म कर देता है। एक गलत फैसला पूरे जीवन को अंधकार में धकेल सकता है।

### बच्चों की गतिविधियों पर सकारात्मक नजर रखें

एसपी मीणा ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे प्रतिदिन अपने बच्चों के साथ समय बिताएं, उनकी दिनचर्या, मित्र मंडली और ऑनलाइन गतिविधियों पर सकारात्मक नजर रखें। बच्चों के साथ ऐसा विश्वासपूर्ण वातावरण बनाएं कि वे किसी भी परेशानी, डर या संदेह की स्थिति में बिना झिझक अपने माता-पिता, शिक्षकों या पुलिस से खुलकर बात कर सकें। उन्होंने कहा कि बच्चों को यह अवश्य समझाएं कि किसी अजनबी व्यक्ति से उपहार, खाने-पीने की वस्तु या किसी प्रकार का लालच स्वीकार करना उनके लिए खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा कि सड़क पर एक छोटी-सी लापरवाही जीवनभर का दर्द बन सकती है। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों से अपील की कि सड़क पार करते समय हमेशा जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करें, ट्रैफिक नियमों का पालन करें, चलते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें तथा दोपहिया वाहन पर हेलमेट पहनना अपनी आदत बनाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाने देना कानूनन अपराध होने के साथ-साथ उनके जीवन को गंभीर जोखिम में डालना भी है।

### गहरे जलाशयों में बिना निगरानी न नहाए

एसपी ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पुलिस बच्चे व युवा नहरों, तालाबों, जोहड़ों या अन्य गहरे जलाशयों में बिना निगरानी के नहाने या खेलने न जाएं। इसके अलावा बिजली के खुले तारों, सुनसान स्थानों तथा परित्यक्त भवनों से भी सुरक्षित दूरी बनाए रखें। उन्होंने जिले के सभी विद्यालयों, अभिभावकों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों में कानून के प्रति सम्मान, अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि, आपात स्थिति अथवा बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मामले में तुरंत पुलिस हेल्पलाइन 112 पर सूचना दें।


रेवाड़ी। लोगों के पहचान पत्रों की जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

# संदिग्ध लोगों की पहचान के लिए चलाया सर्च अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

- किराए पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की वेरिफिकेशन जरूर कराए

जिला पुलिस व स्वैत टीम की ओर से मंगलवार को थाना कसोला व बावल क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से रहने वाले रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों का पता लगाने के लिए सर्च अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस ने झुग्गी-झोपड़ियों, होटल, पोल्ट्री फार्म व अन्य स्थानों पर अवैध तरीके से रहने वाले संदिग्ध लोगों की जांच की। पुलिस टीम ने वहां पर रह रहे बाहरी श्रमिकों की भी जानकारी ली तथा उनके पहचान पत्रों व वाहनों के कागजातों की भी जांच की। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिले में अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं है। पुलिस की ओर से जिले की सुरक्षा को लेकर बाहरी लोगों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है और यह अभियान आगे भी इस तरह का लगातार जारी रहेगा। उन्होंने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने पास काम करने वाले या किराए पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर कराए। अगर भविष्य में कोई व्यक्ति ऐसा नहीं करता तो उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर भाकियू चढूनी का विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



रेवाड़ी। लघु सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

भारतीय किसान यूनियन चढूनी की ओर से मंगलवार को भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। यूनियन के सदस्यों ने लघु सचिवालय के बाहर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। इस मौके पर यूनियन के प्रधान समय सिंह ने कहा कि अमेरिका-भारत की ट्रेड डील किसान व मजदूर विरोधी है। अगर सरकार ने संज्ञान नहीं लिया और अमेरिका के साथ यह समझौता रद्द नहीं किया तो आगे की लड़ाई दिल्ली में होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन चढूनी के राष्ट्रीय प्रधान गुरु नाम सिंह चढूनी ने 25 जून को चंडीगढ़ में एक किसान संगठनों की मीटिंग बुलाई है। बैठक में ट्रेड डील के को रद्द कराने को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। इस मौके पर जिला महिला प्रधान मुन्नी बूढ़पुर, रीना काठूवास, राजेंद्र कुमार गेरा, कंवल सिंह, विजय सिंह, अभय सिंह चिल्हड़, मनीषा यादव, सविता दहिया, कमल प्रधान, वेद सुल्तानिया व रोशन लाल दरोगा सहित अनेक किसान नेता मौके पर मौजूद थे।

# डीटीपी की रेवाड़ी-नारनौल रोड पर कार्रवाई, अवैध निर्माण जमींदोज

- प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मच गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



रेवाड़ी। रेवाड़ी-नारनौल रोड पर अवैध निर्माण तोड़ते हुए जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

डीटीपी विभाग की टीम ने मंगलवार को रेवाड़ी-नारनौल रोड की राजस्व सीमा में अवैध निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की अवैध निर्माणों पर चल रही लगातार कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी जिले में अवैध कॉलोनियां विकसित हो रही है। डीटीपी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम रेवाड़ी-नारनौल रोड पर पहुंची। डीटीपी की टीम ने मार्ग पर खोरी बस स्टैंड से गुमीना रोड पर बने अवैध निर्माणों को जेसीबी मशीन की सहायता से जमींदोज कर दिया।

### अवैध निर्माण करने से बचें लोग: सिहाग



डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि लोग राजस्व सीमा में अवैध निर्माण करने से बचें। लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े। विभाग की ओर अवैध निर्माणों पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।


रेवाड़ी। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार व सड़क पर लोगों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

# कार की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

- चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया



मंगलवार शाम जैसलमेर नेशनल हाइवे पर पीथड़ावास के निकट ईको कार की चपेट में आकर बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

राजस्थान के नया गांव निवासी लगभग 28 वर्षीय योगेश शाम के समय बाइक पर अपने घर की ओर जा रहा था। जैसलमेर नेशनल हाइवे पर जब वह पीथड़ावास के करीब पहुंचा, तो एक ईको कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि योगेश की मौके पर ही मौत हो गई। इसी दौरान आसपास के लोग वहां पहुंच गए। बाइक के साथ-साथ कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब से मिले पहचान पत्र के आधार पर शिनाख्त की। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव सामान्य अस्पताल में रखवा दिया। शव का पोस्टमार्टम बुधवार को कराया जाएगा। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी पहचान के प्रयास शुरू कर दिए।

# जिला पुलिस का एक सप्ताह में 820 वाहन चालकों पर शिकंजा

## नियम तोड़ने पर पुलिस टीम ने काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी


रेवाड़ी। कार चालक में शराब की मात्रा चैक करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस की ओर से ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ स्पेशल अभियान चलाया जा रहा है। गत सप्ताह पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव, तेज डीजे-प्रेशर हॉर्न बजाने, लेन चेंज नियमों की अवहेलना करने व बुलेट बाइक में पटाखा छोड़ने वाले 820 चालकों के चालान काटे गए। ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले 4 चालकों के चालान किए गए। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि रात्रि के समय काफी वाहन चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते हैं, जिससे वह अपने आप को तो खतरे में डालते ही हैं साथ में सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालक के लिए भी खतरा बन जाते है। शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है और यह मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत दंडनीय अपराध है। एसपी ने कहा कि कुछ लोग गाड़ी में तेज डीजे-प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने के साथ-साथ लोगों में दहशत और असुविधा पैदा करते है। कई बार इस तरह की हरकतें सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बन जाती हैं। ध्वनि प्रदूषण करने पर एक वाहन चालक पर शिकंजा कसा गया। इनके अलावा लेन चेंज से संबंधित नियम की अवहेलना पर 815 वाहन चालकों के चालान किए गए। एसपी मीणा ने कहा कि शहर में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जो भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गाड़ियों में ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करें। नशे की हालत में वाहन चलाकर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में न डालें। बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड़ने व ध्वनि प्रदूषण करने से बचें।


रेवाड़ी। नसियां जी के सभागार में योगाभ्यास करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### योग शिविर में स्वस्थ रहने के दिए टिप्स संगीतमय एरोबिक्स का अभ्यास कराया

- योग साधक अमित जैन एवं तानि जैन ने ध्यान का महत्व समझाया

**रेवाड़ी।** भगवान महावीर विद्यापीठ की ओर से नसियां जी स्थित श्री प्रणम्य सागर अकलंक भवन सभागार में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर तीन अलग-अलग सत्रों में योग, प्राणायाम एवं संगीतमय एरोबिक्स कराया गया। प्रथम सत्र में योगाचार्य अजय जैन एवं सीए प्रवीण जैन ने सूक्ष्म प्राणायाम एवं योगासनों का अभ्यास कराया। द्वितीय सत्र में फिट क्लासेज के संचालक गजेंद्र सिंह व उनकी टीम ने शरीर को स्वस्थ रखने के टिप्स देते हुए संगीतमय एरोबिक्स का अभ्यास कराया। आध्यात्मिक अर्हम योग के माध्यम से सभी साधकों को ध्यान योग कराया गया। योग साधक अमित जैन एवं तानि जैन ने ध्यान का महत्व समझाया।

भगवान महावीर विद्यापीठ के प्रधान सीए मोहित जैन ने सभी को योग दिवस शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर लक्की ड्रा भी निकाला गया। मंच संचालन विद्यालय के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने किया। श्री दिगंबर जैन पंचायत के उप प्रधान अरविंद जैन, विद्यापीठ के प्रधान सीए मोहित जैन, उप प्रधान सीमा जैन, कोषाध्यक्ष सचिन जैन, शासकीय निकाय सदस्य विजय जैन, प्रद्युम्न जैन, निपुण जैन, रविंद्र जैन, प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा व अंकुर प्रभारी लीना मखीजा ने योग प्रशिक्षकों, एरोबिक्स टीम तथा लक्की ड्रा विजेताओं को सम्मानित किया।

**तैयारी** पोस्टरों और बैनरों से सजाए चौक-चौराए, सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मैदान में

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना का पहला आगमन स्वागत के लिए टीम 'वंदना' ने झोंकी पूरी ताकत

नरेन्द्र वत्स ▸▸ रेवाड़ी


रेवाड़ी। बाइपास स्थित पोसवाल चौक सजाया गया।

प्रदेश भाजपा की कमान संभालने के बाद डा. अर्चना गुप्ता 24 जून को पहली बार रेवाड़ी आ रही हैं। उनके आगमन को लेकर जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली की टीम ने मंगलवार को स्वागत कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। कार्यक्रम प्रभारी नागेंद्र शर्मा की अगुवाई में जिले के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डा. अर्चना गुप्ता का स्वागत जोरदार ढंग से करने की पूरी तैयारी कर ली है। प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर शहर के चौक-चौराहों को जबरदस्त तरीके से सजाया गया है। उनके स्वागत में मुख्य कार्यक्रम गणपति गार्डन में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। जिले के तीनों विधायक और जिला प्रभारी नसीम अहमद भी स्वागत समारोह में मौजूद रहेंगे। मंगलवार को जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने मंगलवार को समारोह स्थल में स्वागत की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। पार्टी के कई पदाधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे। इसी बीच प्रदेशाध्यक्ष के स्वागत को लेकर भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग्स और बैनर लगाए हैं, ताकि पहली बार आगमन पर प्रदेशाध्यक्ष की नजर में उनके नाम आ सकें। जिलाध्यक्ष की ओर से सभी मंडल अध्यक्षों और पदाधिकारियों को कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

### एकजुट नजर आ रही टीम वंदना


भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता

प्रदेशाध्यक्ष के आगमन से पहले ही भाजपा की जिला टीम डा. वंदना पोपली की अगुवाई में पूरी तरह एकजुट नजर आ रही है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से दूरी बनाए रखने वाले भाजपा के पुराने नेता और कार्यकर्ता भी प्रदेशाध्यक्ष के आगमन पर एकजुट नजर आ सकते हैं। राव के साथ छत्तीस का आंकड़ा रखने वाले वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति पर जरूर नजरें बनी रहेंगी।

### अभी तक असरहीन रही गुटबाजी


भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली

जिलाध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद डा. वंदना पोपली के लिए पार्टी की गुटबाजी से होने वाले नुकसान को टालना बड़ी चुनौती थी। उनकी अगुवाई में हुए लोकसभा और विधानसभा चुनावों में गुटबाजी के कारण पार्टी को कोई नुकसान नहीं हुआ। हाल ही में हुए निकाय चुनावों में भी भाजपा वंदना के नेतृत्व में ही नगर परिषद और धारूहेड़ा नगर पालिका में कमल खिलाने में कामयाब रह चुकी है।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद संस्था सदस्य व अन्य लोग। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों में बचपन से डाले गए संस्कार उनका भविष्य उज्जवल बनाते: आर्य

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार व पतंजलि संस्था के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को नेहरू पार्क में सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर संस्था के संयोजक दिनेश कपूर व पतंजलि के जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने कहा कि हम घर के गमले में पौधा लगाते हैं। प्रतिदिन उसे पानी देते हैं। यदि उसमें कुछ दिन पानी न डाले तो वो सूख जाता है, लेकिन एक पौधा खुले मैदान या पहाड़ों पर अपने आप उगता है वो पौधा अपनी जड़ें धरती में गहरी कर लेता है। कितनी भी तेज हवा हो, धूप हो वो अपने स्थान पर अड़िग रहता है। यही अवस्था बालपन में मिले अच्छे संस्कारों की है।